






नवभारत 02

इंदौर, सोमवार, 03 नवम्बर 2025


## एक नजर में

### अनिशा को शालेय राज्यस्तरीय गोला फेंक प्रतियोगिता में मिला गोल्ड मेडल



**रतलाम।** 69वीं स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता सागर में आयोजित की जा रही है। जिसमें आलोट ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कराडिया की छात्रा अनीशा घनश्याम निंबोला ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने पर जिला खेल अधिकारी दीपेंद्र सिंह ठाकुर, संस्था के प्राचार्य रामचंद्र पोरवाल, खेल शिक्षक बद्रीलाल बसेर, शिक्षक नरेंद्र सोनी, खेल और युवा कल्याण विभाग रतलाम के ऑर्डिनेटर दुर्गाशंकर मोयल, आलोट स्पोर्ट्स एसोसिएशन सचिव अतुल वर्मा, शिक्षक नरेंद्र सोनी, हीरालाल डामोर, दिनेश पाटीदार, शैलेंद्र गोयल, पप्पू लाल मालवीय, सोहनलाल डोडिया, जगदीश प्रजापत, ललित शर्मा, नरेंद्र पांचाल, अल्लाह नूर खान, देवीलाल राठौर, अशोक पाटीदार, राजेश पाटीदार, सरपंच पप्पू सिंह राठौड़, जनपद सदस्य करण सिंह राठौड़, समाजसेवी बगदीराम यादव, मंडल अध्यक्ष हरि सिंह राठौड़, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विजय वेद आदि ने बधाई दी।

### मुमुक्षु बहन शीतल सोलंकी का निकला वरघोड़ा



**रतलाम।** गुरू भगवंतों का स्मरण करने मात्र से जीवन पावन बन जाता है। जैन दिवाकर चौथमलजी म.सा. एवं मालव रत्न कस्तूरचंद म सा के जीवन प्रसंगों की चर्चा करते हुए दक्षिण चन्द्रिका जैन दिवाकरीय डॉ संयमलता म सा ने कहा। पूज्य गुरुदेव जैन दिवाकर जगत वल्लभ चौथमल म सा की 148 वी जन्म जयंती एवं मालव रत्न ज्योतिषाचार्य कस्तूरचंद म सा की 120 वी दीक्षा जयंती के अवसर पर जैन दिवाकर स्मारक सागोद रोड मोहन बगिया मे गुरु गुणगान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ अमितप्रज्ञा म सा ने भी दोनो गुरुओं के जीवन ओर संयम यात्रा पर सार गर्भित प्रवचन दिए। समारोह मे साध्वी डॉ कमलप्रज्ञा म सा ओर साध्वी सौरभ प्रज्ञा म सा ने गीतों के माध्यम से दोनो गुरुदेवो को भावांजलि दी। श्रीसंघ मीडिया प्रभारी नीलेश बाफना ने बताया की समारोह के पूर्व प्रात: मुमुक्षु बहन शीतल सोलंकी का वरघोड़ा कार्यक्रम के लाभार्थी मांगीलाल मोहनबाई कटारिया परिवार के राजेंद्र, सुरेश, विजय, राजेश, विनोद कटारिया परिवार के निवास स्थान पैलेस रोड से निकला जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए नीमचौक स्थानक पर पाट दर्शन के बाद समापन हुआ। समारोह को श्रीसंघ अध्यक्ष अजय खीमेसरा ने सम्बोधित किया। धर्मसभा को विनोद बाफना, अमृत कटारिया, गजेंद्र चांडालिया सूरत, सुजानमल कोचट्टा जावरा ने भी सम्बोधित करते हुए इस ऐतिहासिक आराधनामय चातुर्मास की बधाई दी। महामंत्री विनोद कटारिया ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे इन्दरमल जैन, मणि लाल कटारिया, ललित पटवा, जयंतीलाल डाँगी, विनोद बाफना, आशीष कटारिया, वीरेंद्र कटारिया, अरिहंत बोराना, रीना गाँधी, ऋतु कटारिया, समता पितलिया, प्रवीणा भटेवरा, मोनिका मेहता, राजकुमारी पोखरना, कुसुम भटेवरा, साधना श्रीश्रीमाल सुहानी पटवा, भूमि गाँधी, रक्षिता पटवा, लक्ष्य कटारिया, श्रेयांस बाफना, शुभ बोराणा आदि का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम् मे आभार श्रीसंघ महामंत्री विनोद कटारिया ने माना।

### मर्यादा पुरुषोत्तम राम का वैराग्य जीवन साधना का संदेश है: मसा

**रतलाम।** स्टेशन रोड स्थित श्री चंद्रप्रभ जिनालय में आचार्य श्री सद्भाव सागर जी महाराज के सान्निध्य में पद्म पुराण के अंतर्गत जैन रामायण प्रवचन चल रहा है। रविवार को कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धापूर्वक मंगलाचरण एवं जयघोष – 卐देवादिदेव श्री चंद्रप्रभ भगवान की जय, भगवान महावीर स्वामी की जय, परम पूज्य आचार्य श्री विशुद्ध सागरजी महाराज की जय, सिद्धचक्र महामंडल पीठ की जय – से हुआ। समाज जनों ने पाद प्रक्षालन कर शास्त्र भेंट किया। आचार्य श्री ने कहा कि अरिहंत भगवान के स्वाभाविक गुणों का गान ही शिवसुख अर्थात् सिद्धत्व की प्राप्ति का कारण है। संसार का प्रत्येक व्यक्ति अपने आनंद की प्राप्ति के लिए ही कर्म करता है चाहे वह भोजन करना हो, यात्रा करना हो या पूजा-अर्चना करना। सेवा, भक्ति और साधना से मिलने वाला आत्मिक सुख ही सबसे श्रेष्ठ है। महाराजश्री ने कहा कि जो भगवान, मंदिर या जिन शासन की सेवा करता है, उसे भीतर से आत्मिक सुख प्राप्त होता है। बाहर से भले कुछ न मिले, पर भीतर का सुख ही सच्चा फल है। सुख का अनुभव करने के लिए स्थिर होकर समय देना आवश्यक है, क्योंकि क्रिया के बाद जब मन शांत होता है, तभी आत्मा अपने स्वभाविक सुख को पहचानती है। आचार्य श्री ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम के वैराग्य प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जब राम ने जीवन के कटु अनुभवों से गुजरकर मोह का त्याग किया, तो वे भी मुनि बनकर साधना मार्ग पर अग्रसर हुए।

## प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन





**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** श्री गुरु नानक देव साहिबजी का प्रकाश पर्व समाजजनों द्वारा मनाया जा रहा। प्रकाश पर्व को लेकर रविवार को दोपहर 3.30 बजे गुरुद्वारे से नगर कीर्तन निकला। नगर कीर्तन में पंच प्यारे आगे चल रहे थे व कीर्तन में समाज के लोग गुरु ग्रंथ साहिब के साथ संगत करते हुए निकले। न्यू रोड से शुरू होकर लोकेंद्र टॉकीज, शहर सराय, रानी जी का मंदिर, गणेश देवरी, डालूमोदी बाजार, नाहरपुरा, कॉलेज रोड, छत्री पुल, कोर्ट तिराहा, कॉन्वेंट स्कूल तिराहा, महाराजा सज्जनसिंह चौराहा, दो बत्ती से होते हुए पुन: न्यू रोड गुरुद्वारे पर पहुंचा। नगर कीर्तन में जोशीले अंदाज में गुरुनानक देव की इलाही गुरुवाणी नानक नाम जहाज है, चढ़े सो उतरे पार, जो श्रद्धा कर सिमदे गुरु पार उतारनहार जैसी मनमोहक धुन गुंजा रहे।

श्री नानक देव जी के 556 वें प्रकाशोत्सव गुरुपर्व के अवसर पर नगर के सिख समाज द्वारा गुरूद्वारे में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई हैं।

#### कांग्रेस ने किया स्वागत

सिख समाज द्वारा श्री गुरु नानक जंयति के उपलक्ष्य में निकाली गई नगर किर्तन यात्रा का एवं श्री पंच प्यारे का स्वागत कांग्रेस के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया, बसंत पंड्या, जोएब आरिफ आदि ने मौजूद रहे।

## पुलिस ने कांबिंग गश्त कर, गुंडे बदमाशों व असमाजिक तत्वों के विरुद्ध की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस ने बीती रात से रविवार सुबह तक अभियान चलाया। अभियान के तहत चौराहों पर जांच की गई और गुंडे बदमाशों, वारंटियों, असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग गश्त की गई।

**लंबे समय से फरार 34-स्थाई वारंट और 84गिरफ्तारी वारंट किए तामील**

एसपी अमित कुमार की अगुवाई में सभी अनुभागों में सीएसपी/ एसडीओपी के नेतृत्व में बीती रात से सुबह तक जिले के सभी अनुभागों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राकेश खाखा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम ग्रामीण विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में सीएसपी रतलाम सत्येंद्र घनघोरिया, एसडीओपी रतलाम किशोर पाटनवाला, सीएसपी जावरा युवराज सिंह चौहान, एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय, एसडीओपी सैलाना नीलम बघेल, एसडीओपी आलोट सपल्लवी गौर, उप पुलिस अधीक्षक अजय सारवान, उप पुलिस अधीक्षक आनंद स्वरूप सोनी के नेतृत्व में संबंधित थाना प्रभारी एवं थाने के पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर गुंडे बदमाशों, वारंटियों, असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग गश्त की गई। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में संबंधित सीएसपी/एसडीओपी/थाना प्रभारियों द्वारा अपने अनुभाग/थाने के बल की ब्रीफिंग कर कॉम्बिंग गस्त हेतु रवाना किया गया। कांबिंग गश्त के दौरान विभिन्न प्रकरणों में वांछित लंबे समय से फरार-34 स्थाई वारंटियों, 84-गिरफ्तारी वारंट तामील करवाए गए। रतलाम पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



## विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर वार्ड प्रभारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दिया प्रशिक्षण

**रतलाम।** भारत निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत बी एल ओ की सहायतार्थ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं नगर निगम वार्ड प्रभारियों का प्रशिक्षण कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष एवं जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

शासकीय सेवकों को विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं उनके सवालों के जवाब देकर विस्तृत जानकारी दी गई।

## गोपालजी का बड़ा मंदिर पर तुलसी विवाह



**रतलाम।** माणक चौक स्थित प्राचीन गोपालजी का बड़ा मंदिर पर देवउठनी (प्रबोधनी) एकादशी पर तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। तुलसी विवाह की विधि पंडित मदनलाल जी शर्मा द्वारा सम्पन्न करवाई गई तथा विवाह न्यास अध्यक्ष मनोहर पोरवाल एवं सचिव महेश व्यास द्वारा विवाह विधि को सम्पन्न किया गया। करीब 225 वर्ष प्राचीन गोपालजी का बड़ा मंदिर के प्रथम महंत गोविन्ददास जी द्वारा स्थापित की गई परंपराओं को निरंतर रखते हुए तुलसी विवाह प्रतिवर्ष देवउठनी एकादशी को तुलसी विवाह का आयोजन किया जाता है जिसमें पुरे मंदिर को सजाया गया, सुंदर विवाह मंडप बनाया गया। भगवान श्री कृष्ण की बारात निकाली गई जिसमें भगवान की बारात में महिलाओ एवं पुरूषों द्वारा भावविभोर होकर नृत्य किया गया।

इस अवसर पर भजन मंडली द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। साथ ही विवाह की समस्त रस्म पूर्ण की गई तथा आतिशबाजी कर खुशी मनाई। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र उपाध्याय, सोनू व्यास, आशीष पालीवाल, राकेश मेहता, सुनील पालीवाल, कुशल पालीवाल, श्रीमती सपना व्यास, श्रीमती मधु पोरवाल, श्रीमती संगीता पालीवाल, अनिता व्यास सहित बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित थे।

#### 5 को अन्नकूट महोत्सव

सनसिटी रहवासी कल्याण समिति (पंजीकृत), रतलाम की वार्षिक साधारण सभा आगामी 5 नवंबर को प्रात: 10 बजे कॉलोनी के बड़े उद्यान में आयोजित की जाएगी। समिति परामर्शदाता एडवोकेट ओ. पी. चौधरी ने बताया कि सभा के दौरान विगत बैठक की कार्यवाही का वाचन व पुष्टि की जाएगी तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के अंतर्गत संध्या समय कॉलोनी स्थित कुटुम्बेश्वर महादेव मंदिर में 56 भोग लगाकर महाआरती की जाएगी। इसके उपरांत अन्नकूट महाप्रसादी एवं दीप मिलन समारोह का आयोजन होगा, जिसमें कॉलोनी के सदस्य, गैर सदस्य, रहवासी, किरायेदार एवं परिवारजन सहभागी होंगे। उक्त जानकारी कॉलोनी अध्यक्ष आशुतोष त्रिवेदी ने दी।

## एसआईआर को लेकर जागरूकता दिखाए : जिलाध्यक्ष उपाध्याय



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर) कार्यक्रम को लेकर जिला कार्यालय पर रविवार शाम भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने जिला एवं विधानसभा संयोजकों की बैठक ली। इस बैठक मे उन्होंने एस.आई.आर को लेकर सभी विधानसभाओं मे जागरूकता रखने का आह्वान किया।

श्री उपाध्याय ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम है। इसमें मतदाताओं के सत्यापन के बाद भी अंतिम सूची बनेगी और भविष्य मे उसी सूची के आधार पर चुनाव होगे। भाजपा कार्यकर्ता इस कार्य को पारदर्शिता से सम्पन्न कराये, जिससे कोई भी वास्तविक मतदाता सूची से बाहर न रहे। बैठक मे जिला महामंत्री महेश सोनी, जिला उपाध्यक्ष सोनू यादव, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, नीलेश गांधी और सभी संयोजक गण मौजूद रहे।

#### टोलियां बनाई

जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु वरिष्ठ नेता नितिन लोढा को जिला संयोजक बनाया गया है। विधानसभा स्तर पर रतलाम शहर मे जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, सैलाना में पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय टांक, जावरा पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश बग्गड़, आलोट मे स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक नन्दनराज जैन, रतलाम ग्रामीण पूर्व मीडिया प्रभारी बाबुलाल कर्णधार को संयोजक बनाया गया है। इसी प्रकार राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम के लिए जिला टोली मे जिला उपाध्यक्ष अनिता कटारिया को जिला संयोजक, जिला मंत्री अनुज शर्मा एवं सह कार्यालय मंत्री अखिलेश सिंह सहसंयोजक बनाया गया है।





## मप्र रीजन अच्छा कार्य कर रहा है : शाह

**जावरा।** म.प्र. रीजन चेयरमेन राहुल चपडोद के नेतृत्व में जेएसजी अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष बिरेन शाह एव जनरल सेक्रेटरी मनीष शाह का शाल, मोती की माला व श्रीफल के साथ भव्य स्वागत किया। सभी ग्रुप के पदाधिकारी ने राष्ट्रिय अध्यक्ष से अपनी समस्या सम्बंधित चर्चा की व जावरा पुन: पधारने का निवेदन किया। बिरेन शाह ने अपने उद्बोधन में म.प्र. रीजन के कार्यो की सराहना करते हुए कहा की मप्र रीजन बहुत ही अच्छा कार्य कर रहा है। मनीष भाई शाह ने भी म.प्र. रीजन के कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम को प्रदेश रीजन अध्यक्ष राहुल चपडोद ने भी संबोधित किया। साथ ही सभी ग्रुप के प्रमुख पदाधिकारी, पूर्व रीजन अध्यक्ष धरमचंद चपडोद व सुजानमल कोचट्टा अंत में झोन कोर्डिनेटर मनोज मेहता ने संबोधित किया। आभार चेयरमेन राहुल चपडोद ने माना। पूर्व रीजन चेयरमेंन धरमचंद चपडोद, रीजन चेयरमेंन राहुल चपडोद, झोन कोर्डिनेटर मनोज मेहता, सुजानमल कोचट्टा, नवनीत श्रीमाल, संजय आचलिया, दिनेश भंडारी, हर्षित पगारिया, अंकित जैन, गौरव बाफना, प्रतिक ओरा, हिमांशु मेहता, लकी डूंगरवाल, लक्ष्य जैन, अशोक डूंगरवाल, पुखराज सेठी, प्रदीप सेठिया, अशोक ओरा, जवाहर श्रीमाल आदि उपस्थित थे।

## जावरा में हमेशा मिला अपनापन व सम्मान, वह मेरी पूंजी

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** कार्तिक मास के अंतिम सोपान पर दिपावली मिलन पर अपने साथीयों से मिलना एक नई ऊर्जा का संचार करता है। जावरा में जब जब भी आया तब तब जो अपनापन सम्मान मिलता है वह मेरी पूंजी हैं। आज अल्प समय के लिए जावरा आगमन पर मेरे साथी जैन सोश्यल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर अनिल धारीवाल के निवास पर जो आत्मियता मिली है वह अनुकरणीय है।





साथ ही मेरी टीम के साथी जैन सोश्यल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन में नेचुरल अवरनेयस कमेटी चेयरमैन गुरु संदीप रांका जावरा एवं जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मेत्री परिवार द्वारा मेरा एवं इंटरनेशनल फेडरेशन के जनरल सेकेट्री मनीष शाह के साथ पुर्व उपाध्यक्ष सुशील काठेड का जो स्वागत सम्मान किया उसके लिए हम पुरे मेत्री परिवार के आभारी रहेंगे। उक्त विचार जैन सोश्यल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरेन शाह ने जैएसजी जावरा मैत्री के संस्थापक अध्यक्ष अनिल धारीवाल के निवास पर व्यक्त किये।

मैत्री परिवार द्वारा बिरेन शाह, मनीष शाह एवं पूर्व उपाध्यक्ष सुशील कांठेड का माला -शाल पहनाकर स्वागत सम्मान किया। साथ ही जैन सोश्यल ग्रुप जावरा द्वारा प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा 5 नंवबर बुधवार को ग्राम रोजाना आदिनाथ जैन मन्दिर पर सकल जैन समाज की नवकारसी के आयोजन के फ्लेक्स का अनावरण अतिथि के माध्यम से कराया गया।

#### यह रहे मौजूद

इस दौरान ग्रुप अध्यक्ष राजेश पोखरना, पुर्वाध्यक्ष द्वय पंकज काठेड, आशीष पोखरना, आलोक बरैया के साथ शैलेष श्रीश्रीमाल, मनीष मेहता, अर्पल कोच्चटा, वैभव ओस्तवाल, तरुण टुकडिया, संदीप श्रीमाल, विपिन चोरडिया, राजेश हिंगड, पियुष कांठेड, पंकज जैन आदि साथी गण उपस्थित थे।

## हादसे में मौत, पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

**रतलाम।** फोरलेन पर लगातार हादसे बढ़ते जा रहे हैं। इसे कुछ कमियों के साथ ही लापरवाही भी हादसों का कारण बन रही हैं। एक ऐसे ही हादसे में मौत के बाद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया हैं। मिली जानकारी के अनुसार बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम मह़ू नीमच हाइवे फोरलेन रोड रत्तागिरी चौराहे पर लोडिंग वाहन से हुई दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में गौतम पिता धीरज डागर निवासी शेरानीपुरा, ऋषभ पिता अजय डागर निवासी शेरानी पुरा और निखिलसिंह उर्फ नकुलसिंह पिता विरेंद्रसिंह सिसोदिया निवासी चांदनी चौक की मौत हो गई थी। बिलपांक पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की, जांच में वाहन की लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 19 जेड डी 0124 के चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक चालते हुए दुर्घटना को कारित किया था। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

**महोत्सव** लाभार्थी परिवारों का बहुमान श्रीसंघ एवं मनमोहन ट्रस्ट ने किया

## पंचांहिका महोत्सवः परमात्मा के अठारह अभिषेक एवं 45 आगम हुई स्थापना

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** मनमोहन पार्श्वनाथ मंदिर पर साध्वी भगवंत डॉ अमृतरसा श्रीजी आदि ठाणा की पावन निश्रा मे पंचांहिका महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान परमात्मा के अठारह अभिषेक एवं 45 आगम की स्थापना की गई। आगम मंदिर बनवाने एवं अभिधान राजेंद्र कोष को स्थापित करने का लाभ विजय, विपेश, विवेक आंचलिया परिवार ने लिया। सभी सिद्धि तप एवं मासक्षमण तपस्वियों को लाभार्थी प्रकाश मेहता की पुण्य स्मृति में श्रीमती सुभद्रा देवी प्रवीण प्रमोद मेहता के सौजन्य से पार्श्वनाथ प्रभु की प्रतिमाओं का वितरण किया गया। इन पांच दिनों में अठारह अभिषेक के साथ गुरु राजेंद्र सुरीश्वरजी की अष्ट प्रकारी पूजन एवं सभी 45 आगम की पूजन भी लाभार्थी परिवारों के सौजन्य से संपन्न हुई। कार्यक्रम के अंतिम दिवस सभी लाभार्थी परिवारों का बहुमान श्रीसंघ एवं मनमोहन ट्रस्ट द्वारा किया गया। अंत में श्रीसंघ का स्वामी वात्सल्य भी सम्पन्न हुआ। श्रीसंघ मीडिया प्रभारी अरविंद जैन एवं अतुल सुराणा ने बताया कि इस अवसर पर सभी कार्यक्रमों में श्रीसंघ सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति पर मनमोहन ट्रस्ट अध्यक्ष प्रकाश मोदी एवं महासचिव नगीन सक्रलेचा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सबका आभार व्यक्त किया। श्रीसंघ अध्यक्ष अजीत चत्तर एवं चातुर्मास समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र कोलन ने बताया कि आज साध्वी भगवंत का विदाई समारोह का कार्यक्रम पीपली बाजार उपाश्रय पर होगा। जिसमें श्रीसंघ के अनेक वक्ता साध्वी भगवंत के प्रति अपनी भावना व्यक्त करेंगे। श्रीसंघ महासचिव अशोक नवलखा ने बताया कि साध्वी भगवंत कार्तिक पूर्णिमा के दिन चातुर्मास पूर्ण कर राजेंद्र वाटिका की और विहार करेंगे। वहीं चातुर्मास समिति के पदाधिकारियों का श्रीसंघ द्वारा बहुमान किया जाएगा। राजराजेंद्र वाटिका अध्यक्ष सुरेश चोरडिया ने बताया कि वाटिका पर होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम में एवं पुण्य सम्राट के जन्मोत्सव में भी साध्वीजी अपनी निश्रा प्रदान करेंगे।

